तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, शुक्रवार, 17 जुलाई 2026

[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

2 दो दिन की बारिश से खिले किसानों के चेहरे



## खबर संक्षेप

### दुकान संचालक ने किया आदिवासी युवती से छेड़खानी, अपराध दर्ज

**रामानुजगंज।** नगर स्थित एक दुकान संचालक द्वारा उसी के दुकान में काम करने वाली युवती से छेड़छाड़ और अश्लीलता करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी दुकान संचालक के खिलाफ अपराध दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस द्वारा आरोपी से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई किया जा रहा है। शहर में संचालित एक श्रृंगार की दुकान में काम करने वाली लड़की के साथ दुकान संचालक द्वारा छेड़खानी का मामले सामने आने के बाद पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर एट्रोसिटी एक्ट सहित बीएनएस की धारा 64 के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी दुकान संचालक युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी युवक तौकीर रजा महावीरगंज गांव का रहने वाला है जो रामानुजगंज में श्रृंगार की दुकान का संचालन करता है। उसके दुकान में काम करने वाली आदिवासी समाज की पीड़िता के साथ उसने जबरन छेड़खानी करने की कोशिश करते हुए बैड टच किया जिससे आहत होकर पीड़िता किसी तरह वहां से भाग निकली और पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। जिसके बाद पुलिस ने तत्काल एफआईआर दर्ज करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया। रामानुजगंज पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी से पूछताछ करने के साथ ही जांच विवेचना में जुट गई है।

### गैंगस्टर को भगाने के मामले में आरोपी पिता-पुत्र गिरफ्तार

**अंबिकापुर।** गैंग्स ऑफ वासेपुर के गैंगस्टर साबिर आलम और उसके सहयोगियों को भगाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस घटना की शिकायत झारखण्ड के धनबाद से बरोरा थाना प्रभारी उप निरीक्षक अभय कुमार ने शिकायत दर्ज कराई थी कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर पुलिस वारंटी वासेपुर बैंकमोड़ कमर मखदुमी रोड निवासी साबिर आलम आ. सालार आलम छग में पहचान छिपाकर रह रहा है। सूचना के बाद पुलिस टीम 29 जून को रात आठ बजे मोमिनपुरा चौक के पास साबिर आलम को पकड़ा गया था। इस दौरान साबिर आलम ने विरोध करते हुए आस पास मौजूद लोगों को बुला लिया। कार्रवाई के दौरान जुनैद खान, मोहम्मद जाहिद खान एवं अन्य लोगों ने मिलकर आरोपी साबिर आलम को भगा दिया। इस मामले में पुलिस धनबाद पुलिस की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 221, 132, 126(2), 296(बी), 351(3), 263 (ई), 352, 3(5) के तहत अपराध दर्ज किया। इसके साथ ही पुलिस ने हबीबनगर नया बस्ती निवासी 30 वर्षीय जुनैद खान आ.मोहम्मद जाहिद खान व 59 वर्षीय मोहम्मद जाहिद खान आ. मोहम्मद अयुब खान को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशिकान्त सिन्हा, सउनि अदीप प्रताप सिंह, विवेक पाण्डेय, एवं साइबर टीम सक्रिय रही।

## रथ खींचने मची होड़, जगह- जगह की गई पूजा अर्चना

# शहर में धूमधाम से निकली भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा



रथ खींचते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गुरुवार को महाप्रभु भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शहर में धूमधाम के साथ निकाली गई। भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ अपने रथ पर सवार होकर मौसी के घर जाने के लिए निकले। इस दौरान शहर में जगह जगह महाप्रभु का स्वागत किया गया और रथ खींचने के लिए श्रद्धालुओं में होड़ मची रही। भगवान जगन्नाथ नगर भ्रमण के बाद देर शाम दुर्गा बाड़ी स्थित मौसी के घर पहुंचे। भगवान अब नौ दिनों के बाद अपने घर वापस लौटेंगे।

**खास बात**

- रथ यात्रा का जगह-जगह किया गया स्वागत

मान्यता के अनुसार जेठ पूर्णिमा के दिन भगवान जगन्नाथ विशेष स्नान करते है और उसके बाद वे बीमार होकर एकांतवास में चले जाते है। भगवान के एकांत वास में जाने के बाद मंदिर के कपाट बंद कर दिए गए थे और भगवान के रथ को भी मंदिर से बाहर निकाल दिया गया था। भगवान जगन्नाथ ने स्वस्थ होने के बाद पहली बार अपने दर्शन दिए इस दौरान उनका नेत्रोत्सव मनाया गया। इस दौरान कलश, चक्र आदि की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई वहीं मंदिर में उभजात्रा पूजा की गई। भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा को लेकर उत्कल समाज व श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति द्वारा वृहद पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी और रथ की साज सज्जा की जा रही थी। परम्परानुसार शुक्ल पक्ष द्वितीया के दिन भगवान स्वस्थ होकर गुडिचा यात्रा पर अपने मौसी के घर जाते है। भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा के साथ मौसी के घर जाने के लिए रथ पर सवार होकर निकले। इसके पूर्व डॉ. राजेंद्र नारायण परीडा व पत्नी श्रीमती डॉ. भावना परीडा ने भगवान व रथ की विधि विधान से पूजा की। पूजा अर्चना व आरती के बाद भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा शहर में निकली। रथ यात्रा में उत्कल समाज व श्री जगन्नाथ मंदिर सेवा समिति के लोग सहित बड़ी संख्या में ⏭ शेष पेज 4 पर

### 9 दिनों तक रहेंगे मौसी के घर

नगर भ्रमण के बाद देर शाम रथ यात्रा सरस्वती शिशु मंदिर के पास स्थित दुर्गा बाड़ी पहुंची जहां पर महाप्रभू जगन्नाथ सहित उनके भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा की मूर्तियों को उतारा गया। अगले 9 दिनो तक भगवान मौसी के घर पर ही रहेंगें और इस दौरान पूजा कराने के लिए उड़ीसा से आए पंडित शंभुनाथ पंडा वहीं उनकी सेवा व पूजा करेंगें। इन नौ दिनों तक दुर्गा बाड़ी में प्रतिदिन भंडारे का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान जगन्नाथ मंदिर के पट बंद रहेंगें। नवें दिन भगवान जगन्नाथ अपने घर वापस आने के लिए निकलेंगे तब पुनः रथ पर बैठाकर भगवान व उनके भाई-बहन को गांधी चौक, रिंगरोड से मिशन चौक होते हुए वापस मंदिर लाया जाएगा।

## बारिश के बीच जय जगन्नाथ के जयघोष से निकली भव्य रथयात्रा, आस्था व सामाजिक एकता का बना माहौल



**बिश्रामपुर।** कोयलांचल बिश्रामपुर में भगवान श्री जगन्नाथ, बलराम व बहन सुभद्रा की भव्य रथयात्रा ने आस्था, संस्कृति और सामाजिक एकता का अद्भुत संदेश दिया। मूसलाधार बारिश भी श्रद्धालुओं के उत्साह को कम नहीं कर सकी। जय जगन्नाथ के गगनभेदी जयघोष, शंखनाद, घंटियों की मधुर ध्वनि और भजन कीर्तन के बीच महाप्रभु का विशाल रथ मंदिर प्रांगण से निकला और पूरे नगर का भ्रमण करते हुए आरटीआई कॉलोनी स्थित ज्ञानदायिनी मां सरस्वती मंदिर महाप्रभु के मौसी के घर पहुंचा। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं ने जगह-जगह महाप्रभु जगन्नाथ का स्वागत किया। धार्मिक महोत्सव की शुरुआत 29 जून को देव स्नान पूर्णिमा के साथ हुई थी। इसके बाद 14 जुलाई को नेत्र उत्सव, कड़ी-चावल भोग तथा भगवान के नवयौवन वेश के दर्शन कराए गए। महोत्सव का मुख्य आकर्षण 16 जुलाई को आयोजित हुई भव्य श्री गुणिंचा रथयात्रा रही, जिसमें क्षेत्रभर से हजारों श्रद्धालु शामिल हुए। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह देखने लायक रहा। आयोजकों ने बताया कि 19 जुलाई को वार्षिक उत्सव, 20 जुलाई को हेरा पंचमी एवं महालक्ष्मी यात्रा, 24 जुलाई को बाहुड़ा यात्रा रथ वापसी, 25 जुलाई को भगवान का भव्य स्वर्ण वेश, 26 जुलाई को अधर पणा तथा 27 जुलाई को नीलाद्री प्रवेश के साथ महोत्सव का विधिवत समापन होगा। गुरुवार को रथयात्रा में राजा सेवादार के रूप में सरगुजा महाराज एवं प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव विशेष रूप से शामिल हुए। उनके साथ पूर्व मंत्री अमरजीत भगत, विंध्येश्वर शरण सिंह, श्रम कल्याण बोर्ड के पूर्व चेयरमैन शफी अहमद, कांग्रेस जिलाध्यक्ष शशि सिंह, सुभाष गोयल, नपं बिश्रामपुर के पूर्व अध्यक्ष राजेश यादव, शिवनंदनपुर नपं अध्यक्ष रितेश जायसवाल, बिश्रामपुर नपं उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, शिवनंदनपुर उपाध्यक्ष अंशुल गोयल, रमेश दनोदिया, सूरजपुर नगर पालिका अध्यक्ष कुसुमलता राजवाड़े, पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष भगवती राजवाड़े, कृष्णा गोयल बल्लू, मो. इस्माइल, वेद प्रकाश मिश्र, पार्षद चंदन सिंह, हर्ष दनोदिया, अनुपम फिलिप, प्रेमजीत सिंह, जिला पंचायत सदस्य नरेंद्र यादव, सत्यम मिश्रा, दुर्गा गुप्ता, शनि मिश्रा, ⏭ शेष पेज 4 पर

## आस्था और उल्लास के साथ निकली भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा

**प्रतापपुर।** नगर में भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की भव्य रथ यात्रा पूरे श्रद्धा, उत्साह और धार्मिक आस्था के साथ निकाली गई। दूसरे वर्ष आयोजित इस रथ यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लेकर नगर को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया। रथ यात्रा के दौरान पूरा नगर जय जगन्नाथ के जयघोष से गूंज उठा। रथ यात्रा का शुभारंभ स्थानीय मां समलेश्वरी मंदिर प्रांगण से विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की पूजा-अर्चना कर किया गया। इसके पश्चात सुसज्जित रथ नगर भ्रमण के लिए रवाना हुआ। रथ यात्रा नगर के मुख्य चौक, बस स्टैंड, कॉलेज चौक, राजघराना चौक, कदमपारा चौक, थाना-तहसील मार्ग सहित विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर निकली। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ की आरती उतारकर पुष्प वर्षा की तथा प्रसाद वितरित कर रथ यात्रा का भव्य स्वागत किया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु अपने घरों से निकलकर भगवान के दर्शन के लिए उमड़ पड़े। रथ यात्रा में महिला, पुरुष, युवा, बुजुर्ग एवं बच्चों सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से भी बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। पारंपरिक वेशभूषा में उड़िया समाज के श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन, मृदंग, झांझ और ढोल की मधुर धुनों पर नृत्य करते हुए पूरे नगर को भक्ति रस में डुबो दिया। उल्लेखनीय है कि प्रतापपुर में भगवान जगन्नाथ महाप्रभु की रथ यात्रा का आयोजन पिछले वर्ष से प्रारंभ हुआ था। इस वर्ष दूसरे आयोजन में श्रद्धालुओं का उत्साह और भागीदारी पहले से कहीं अधिक देखने को मिली, जिससे यह आयोजन और भी भव्य एवं ऐतिहासिक बन गया। आयोजकों के अनुसार रथ यात्रा 16 जून से प्रारंभ होकर 24 जून तक विभिन्न धार्मिक अनुष्ठानों एवं कार्यक्रमों के साथ संपन्न होगी। इस दौरान संदीप रजक, अनुराग पटेल, शिवम गोयल, समर कश्यप, राहुल तिवारी, प्रियांशु सोनी, भुनेश्वर महाराज, रविशंकर भोय, राजेन्द्र प्रधान, अनिल गुप्ता, सन्यासी भोय, प्रदीप भोय, मोहन भोय, सुरेश सदप्रति, संतोष सोनी, सुरेश प्रधान, शिव प्रधान, संजय प्रधान, शुभम गुप्ता, विनय कश्यप, दक्ष मित्तल, अंकित मित्तल, आशीष पटेल, पूजन सिंह, विक्रम नामदेव सक्रिय रहे।



# महिला मजदूरों से भरा पिकअप पलटा, दो की मौत, तीन गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

शंकरगढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत बुधवार देर शाम ग्राम जारगिम अंतर्गत जुड़वानी के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो महिला मजदूरों की मौत हो गई, जबकि तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। दुर्घटना में 7 अन्य सवारों को भी चोटें आई है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर है तथा मृतकों के परिजन का रो-रोकर बुरा हाल है।

- पुलिस-प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठ रहे सवाल

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम परेवा निवासी 20-25 मजदूर धान की रोपाई करने के लिए ग्राम खैराडीह गए थे। दिनभर खेतों में धान की रोपाई करने के बाद मजदूर शाम को पिकअप क्रमांक जेएच 03 एजे 0223 से अपने गांव लौट रहे थे। वाहन चालक देवचरण चला रहा था। तेज रफ्तार पिकअप ग्राम जारगिम अंतर्गत जुड़वानी के पास अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसा इतना भीषण था कि पिकअप में सवार मजदूर सड़क पर दूर जा गिरे तथा घटनास्थल पर चीख पुकार मच गई। आसपास के ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया सूचना पर शंकरगढ़ पुलिस और 108 एंबुलेंस मौके पर पहुंची तथा घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। दुर्घटना में ग्राम परेवा निवासी बिमला नगेशिया पति शिवप्रसाद (40वर्ष) तथा कामेश्वरी पैकरा पति टेहरा (46वर्ष) की मौके पर ही मौत हो गई। दोनों महिलाएं अन्य ग्रामीणों के साथ मजदूरी कर अपने गांव लौट रही थी। हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर किया गया वहीं सात अन्य घायलों का उपचार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जारी है। चिकित्सकों के अनुसार सभी घायलों की लगातार निगरानी की जा रही है।



### बीएमओ ने संभाली कमान

दुर्घटना की सूचना मिलते ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के बीएमओ डॉ.आफताब अंसारी स्वयं अस्पताल पहुंचे और उपचार की कमान संभाली। उनके निर्देशन में डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मचारियों ने घायलों का तत्काल उपचार शुरू किया। अस्पताल में उपचार की समुचित व्यवस्था और बेहतर समन्वय के कारण अफरातफरी की स्थिति नहीं बनी तथा सभी घायलों को समय पर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई।

### सीईओ ने दी आर्थिक सहायता

दुर्घटना की जानकारी मिलते ही जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश पाण्डेय ने संवेदना व्यक्त करते हुए दोनों मृतकों के अंतिम संस्कार के लिए 5-5 हजार रूपये की आर्थिक सहायता प्रदान करने की घोषणा की। लोगों का कहना है कि हादसा चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार के कारण हुई। ग्रामीणों के अनुसार पिकअप में क्षमता के अधिक मजदूरों को बैठाया गया था।

### पुलिस प्रशासन पर उठ रहे सवाल

घटना के बाद ग्रामीणों में पुलिस प्रशासन के प्रति नाराजगी जताई। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में पिकअप वाहनों का उपयोग लंबे समय से मजदूरों और यात्रियों के परिवहन के लिए किया जा रहा है। नियम विरूद्ध संचालित हो रहे ऐसो वाहनों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं की जाती। परिणामस्वरूप वाहन मालिक और चालक बेखौफ होकर ओवरलोडिंग तथा तेज गति से वाहन चलाकर दुर्घटनाओं को अंजाम दे रहे है। पुलिस और परिवहन विभाग द्वारा नियमित जांच अभियान चलाकर हादसा टाला जा सकता था। ग्रामीणों ने मालवाहक वाहनों में यात्रियों के परिवहन पर तत्काल रोक लगाने, ओवरलोडिंग और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले चालकों एवं वाहन मालिकों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।


### पकी जा रही निगरानी

चिकित्सकों द्वारा घायलों के स्वास्थ्य की नियमित निगरानी की जा रही है। इलाज से घायलों के स्वास्थ्य में सुधार आ रहा है।

-डॉ.आफताब अंसारी
बीएमओ, शंकरगढ़

### पति सहित परिवार के अन्य लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** कमलेश्वरपुर थाना अंतर्गत ग्राम कुनिया निवासी मिनी यादव पति अनोज यादव द्वारा आत्महत्या करनेके मामले में मर्ग जांच के दौरान पुलिस को मृतिका के पिता संजय यादव ने मृतिका के पति अनोज यादव सहित गोवर्धन यादव, भुनेश्वरी यादव व आरती यादव पर दहेज में गाडी, सोना, नगदी लाने की बात कह प्रताड़ित करने एवं जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया था। मृतिका के परिजन के बयान के आधार पर पुलिस ने पति सहित गोवर्धन, भुनेश्वरी व आरती के विरूद्ध धारा 3(5), 80(2) का अपराध दर्ज किया है।




### चार आरोपियों को बलरामपुर और ओडिशा एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

# ओडिशा से पकड़े गए देशभर में गांजा सप्लाई करने वाले

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

गांजा तस्करी के मामले में बलरामपुर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने उड़ीसा एसटीएफ के साथ मिलकर चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। ये आरोपी ही मुख्य रूप से गांजा सप्लाई का काम करते थे। आरोपियों के बिचौलियों को बता दिया जाता था कि किस ट्रक में गांजा लोड करना है उसके बाद बिचौलिया वाहन को लेजाकर उसमें गांजा लोड करने के बाद चालक के पास पहुंचा देता था।

बता दें कि बलरामपुर जिले के बसन्तपुर पुलिस द्वारा 29 दिसम्बर 2025 को टाटा ट्रक से नारियल भूसी के भीतर छिपाकर उड़ीसा से राजस्थान ले जा रहे कुल 1198.460 किलोग्राम गांजा बरामद कर घटना में संलिप्त मौके से गिरफ्तार 3 आरोपियों सहित एक टाटा ट्रक वाहन भी जब्त किया गया था। इसके वहीं 11 जून को थाना बसंतपुर पुलिस द्वारा आरोपी यूपी सहारनपुर निवासी बड़गांव जरोधापाड़ा निवासी 46 वर्षीय लोकेश शर्मा आ. हरिश्चंद शर्मा, मुजफ्फरपुर छापर बड़ीकला निवासी आमिस अंसारी आ. कल्लू अंसारी को टाटा ट्रक वाहन क्रमांक आरजे 14 जीयू 9078 में करीब 1941 किलो 110 ग्राम कीमत करीब 10 करोड़ का मादक पदार्थ गांजा बरामद करने के साथ ही घटना में प्रयुक्त वाहन को जब्त किया गया था। इस दौरान पुलिस द्वारा आरोपियों से पूछताछ के बाद मुख्य सप्लायरों की तलाश की जा रही थी। एसपी बलरामपुर वैभव बैंकर रमनलाल के निर्देश पर जांच के दौरान दोनों वाहनों का जीपीएस लोकेशन उड़ीसा सोनपुर लोपा ढाबा के पास मिला जिसके जांच में पता चला कि दोनों वाहनों को उक्त ढाबा के पास खड़ा कर गांजा लोड कराया गया था। इस दौरान उड़ीसा की भुवनेश्वर पुलिस ने गांजा लोड कराने वाले आरोपी कंधमाल उपरपाड़ा नीनापाड़ा, थाना फिरंनगिया निवासी निलाम्बर कंहार आ. खगेश्वर कंहार को गिरफ्तार कर पूछताछ की तो चार लोगों के नाम सामने आए। इसके बाद उड़ीसा और बलरामपुर पुलिस ने संयुक्त रूप से कार्रवाई करते हुए मामले में उड़ीसा बौध जिला कंटामाल बड़छापपली निवासी सुबुधी साहु आ. दयानिधि साहु, दुर्वाशा साहु आ. खेमानिधी साहु, अरुणकुमार राना आ. जायश्वार राना, प्रकाश खटुआ आ. लक्ष्मण खटुआ को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना जुर्म ⏭ शेष पेज 4 पर





## खबर संक्षेप

### आज होगी चयन परीक्षा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर। पीएम श्री एकलव्य आदर्श सह-शैक्षणिक आवासीय विद्यालय, पोड़ीडीह विकासखंड खड़गवां में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए लेटरल एंट्री के माध्यम से कक्षा 7 वीं और 11 वीं की रिक्त सीटों पर प्रवेश प्रक्रिया शुरू रही। आवेदन पत्र आवश्यक दस्तावेजों सहित 14 जुलाई तक विद्यालय कार्यालय में जमा किए गए। कक्षा 7 वीं की प्रवेश परीक्षा 17 जुलाई को सुबह 11:30 से दोपहर 1:30 बजे तक विद्यालय परिसर में आयोजित होगी।

### युवा कौशल दिवस पर कैरियर काउंसलिंग सत्र

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत बालिकाओं को शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार के बेहतर अवसरों से जोड़ने के उद्देश्य से विश्व युवा कौशल दिवस के अवसर पर शासकीय हाई स्कूल चनवारीडांड में कैरियर काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं को उच्च शिक्षा, करियर विकल्प, स्वरोजगार, सरकारी योजनाओं तथा महिला सशक्तिकरण से जुड़ी विभिन्न जानकारियां प्रदान कर उन्हें आत्मनिर्भर एवं आत्मविश्वासी बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम का आयोजन कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी संतन देवी जांगड़े के निर्देशानुसार तथा जिला कार्यक्रम अधिकारी आदित्य शर्मा के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्कूल शिक्षा विभाग के संयुक्त सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महिला सशक्तिकरण केन्द्र (हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन) मिशन शक्ति की जिला मिशन समन्वयक तारा कुशवाहा द्वारा किया गया।

### नक्सलवाद पर भाजपा ने बनाए कठोर नीति

**मनेन्द्रगढ़।** नगर पालिका परिषद मनेन्द्रगढ़ की अध्यक्ष प्रतिमा यादव ने कांग्रेस विधायक द्वारा नक्सली कमांडर हिड़मा को लेकर दिए गए कथित बयान पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि नक्सलवाद का किसी भी रूप में महिमामंडन न केवल शहीद जवानों का अपमान है, बल्कि उन निर्दोष आदिवासी परिवारों के घावों पर भी नमक छिड़कने जैसा है जिन्होंने वर्षों तक नक्सली हिंसा का दंश झेला है। प्रतिमा यादव ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता नक्सलवाद की भयावहता से भली-भांति परिचित है। नक्सलियों ने अनेक जवानों, पुलिसकर्मियों और आम नागरिकों की जान ली है तथा विकास कार्यों में लगातार बाधाएं उत्पन्न की हैं। ऐसे में किसी जनप्रतिनिधि द्वारा नक्सली नेतृत्व को सकारात्मक रूप में प्रस्तुत करना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और निंदनीय है।

### ऑनलाइन नागरिक सेवाओं का प्रशिक्षण

**जनकपुर।** शासन की डिजिटल सेवा प्रणाली को अधिक प्रभावी एवं नागरिक हितैशी बनाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत भरतपुर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी की अध्यक्षता में पोर्टल एवं प्रणाली के प्रभावी संचालन संबंधी प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में विभिन्न विभागों के अधिकारी, विभागीय ऑपरेटर, ईडीएम नारायण केवट, ईडीटीएम श्रवण लोधी एवं डीसी गणेश सहित संबंधित कर्मचारियों ने भाग लिया। प्रशिक्षण का उद्देश्य विभागीय अधिकारियों एवं कर्मचारियों को शासन की डिजिटल सेवाओं के संचालन, ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, सेवा वितरण प्रणाली तथा कार्यालयीन कार्यों के डिजिटलीकरण से संबंधित नवीन प्रावधानों की जानकारी देना था, ताकि आम नागरिकों को सभी शासकीय सेवाएं सरल, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से उपलब्ध कराई जा सकें।

## बैकुंठपुर, बारिश में भक्ति, संस्कृति और सेवा का दिखा अनुपम संगम

# झमाझम बारिश के बीच निकली भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा



बारिश के बीच रथ खींचते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

झमाझम बारिश के बीच गुरुवार को जिला मुख्यालय बैकुंठपुर भगवान श्री जगन्नाथ की भक्ति में सराबोर नजर आया।

प्रेमाबाग मंदिर से भगवान श्री जगन्नाथ, भगवान बलभद्र एवं देवी सुभद्रा की भव्य रथयात्रा पूरे धार्मिक उत्साह, श्रद्धा और सनातन परंपरा के साथ निकाली गई। 'जय जगन्नाथ' के गगनभेदी जयघोष, शंखध्वनि, वैदिक मंत्रोच्चार, हरिनाम संकीर्तन और भजन-कीर्तन से पूरा शहर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 16 जुलाई को देवराहा बाबा सेवा समिति, बैकुंठपुर के तत्वावधान में आयोजित रथयात्रा में भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। प्रेमाबाग मंदिर परिसर से सुसज्जित रथ यात्रा प्रारंभ होकर जनपद तिराहा, फव्वारा चौक, कुमार चौक और सिविल लाइन मार्ग से होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंची। बारिश के बावजूद श्रद्धालुओं का उत्साह कम नहीं हुआ। महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों ने पूरे उत्साह के साथ रस्सी पकड़कर भगवान के रथ को खींचा और भक्ति का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया। रथयात्रा के दौरान शहर में भक्ति, संस्कृति और सामाजिक समरसता का अनुपम संगम देखने को मिला। मार्गभर श्रद्धालु भगवान के जयकारे लगाते हुए रथ के साथ चलते रहे। आयोजन में देवराहा बाबा सेवा समिति के पदाधिकारियों सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुष श्रद्धालु शामिल हुए। समिति के अध्यक्ष शैलेष शिवहरे ने कहा कि भगवान श्री जगन्नाथ की रथयात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सनातन संस्कृति, सेवा, सामाजिक समरसता और जनभागीदारी का महापर्व है। यह परंपरा समाज को एक सूत्र में बांधने के साथ नई पीढ़ी को अपनी सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का सशक्त माध्यम भी है। आयोजित रथ यात्रा में देवराहा सेवा समिति के पदाधिकारियों सहित श्रद्धालुजन रथ यात्रा में शामिल रहे।

## जय जगन्नाथ के जयघोष और श्रद्धा के साथ श्रद्धालुओं ने खींचा रथ

**डोमनहिल।** जिले के चिरमिरी शहर में गुरुवार को भगवान जगन्नाथ की भव्य रथयात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। पोड़ी स्थित जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ हुई रथयात्रा में भगवान जगन्नाथ, बड़े भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा आकर्षक ढंग से सुसज्जित रथ पर विराजमान हुए।

ढोल-नगाड़ों, भजन-कीर्तन और 'जय जगन्नाथ' के जयघोष से पूरा शहर भक्तिमय माहौल में डूब गया। चिरमिरी सहित आसपास के क्षेत्रों और अन्य जिलों से पहुंचे श्रद्धालुओं ने भगवान के दर्शन किए। दोपहर बाद निकली रथयात्रा में हजारों श्रद्धालुओं ने रथ की रस्सी पकड़कर उसे खींचने का सौभाग्य प्राप्त किया। रथयात्रा जगन्नाथ मंदिर से प्रारंभ होकर शिव मंदिर, पोड़ी तक पहुंची। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर श्रद्धालुओं के लिए भोग-भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ. विनय जायसवाल, भाजपा नेता रामलखन, कांग्रेस जिलाध्यक्ष अशोक श्रीवास्तव, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष शिवांश जैन, पूर्व महापौर डम्बरु बेहरा, राजू नायक, बब्लू शर्मा, देवेंद्र सिंह, राजप्रताप सिंह, शाहिद महमूद, डॉ. डी.के. उपाध्याय, धर्मेंद्र त्रिपाठी, पार्षद सन्नी चौथा, शिव महाराणा, सत्यनारायण सिंह, रामप्यारे चौहान सहित जनप्रतिनिधि एवं नागरिक रथयात्रा में शामिल हुए और भगवान के रथ की रस्सी खींची। जगन्नाथ मंदिर समिति के अनुसार भगवान जगन्नाथ आषाढ़ शुक्ल द्वितीया से अपनी मौसी के घर प्रस्थान करते हैं और नौ दिनों तक वहीं विराजमान रहते हैं। आषाढ़ शुक्ल दशमी को उनकी वापसी होती है।





## दो दिन की बारिश से खिले किसानों के चेहरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

- जिलेभर में शुरू हुई धान की रोपाई

कोरिया जिले में एक सप्ताह तक मानसून की बेरुखी के बाद आखिरकार बारिश ने फिर रफ्तार पकड़ ली है। बुधवार से शुरू हुई झमाझम बारिश ने किसानों को बड़ी राहत दी है।

बुधवार दोपहर जिले के कई क्षेत्रों में तेज बारिश हुई, जबकि जिला मुख्यालय बैकुंठपुर एवं आसपास के इलाकों में शाम के समय करीब एक घंटे तक लगातार वर्षा होती रही। गुरुवार को भी बैकुंठपुर और सोनहत विकासखंड सहित जिले के विभिन्न क्षेत्रों में दोपहर से शाम तक रुक-रुककर अच्छी बारिश हुई। बीते एक सप्ताह से बारिश नहीं होने के कारण जिले में सूखे जैसी स्थिति बनने लगी थी, जिससे खेती-किसानी का कार्य प्रभावित हो रहा था। खेतों में पानी नहीं होने से किसान धान की रोपाई शुरू नहीं कर पा रहे थे। कई किसानों की नर्सरी (थरहा) रोपाई के लिए तैयार थी, लेकिन पर्याप्त पानी के अभाव में रोपा कार्य रुका हुआ था।

### बारिश के साथ शुरू हुआ रोपाई कार्य

बुधवार और गुरुवार को हुई अच्छी बारिश के बाद जिले के कई क्षेत्रों में खेतों में पर्याप्त पानी भर गया, जिससे किसानों ने धान की रोपाई शुरू कर दी। पहले से तैयार खेतों में किसान परिवार पूरे उत्साह के साथ रोपा लगाते नजर आए। बारिश से कृषि कार्यों ने गति पकड़ ली है और किसानों के चेहरे भी खिल उठे हैं। किसानों का कहना है कि यदि आने वाले दिनों में भी इसी तरह नियमित बारिश होती रही तो खरीफ फसल की अच्छी पैदावार की उम्मीद बढ़ जाएगी।

## राम मंदिर के चढ़ावा घोटाले पर कांग्रेस का हमला




**बैकुण्ठपुर।** अयोध्या स्थित श्रीराम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी एवं वित्तीय अनियमितताओं के आरोपों को लेकर गुरुवार को बैकुंठपुर के राजीव भवन स्थित कांग्रेस कार्यालय में जिला स्तरीय पत्रकारवार्ता आयोजित की गई।

- निष्पक्ष न्यायिक जांच व फॉरेंसिक ऑडिट की मांग

कांग्रेस नेताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच, सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में जांच, स्वतंत्र फॉरेंसिक ऑडिट तथा ट्रस्ट से जुड़े जिम्मेदार पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की। जिलाध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कहा कि यह मामला करोड़ों रामभक्तों की आस्था और विश्वास से जुड़ा है। उन्होंने आरोप लगाया कि मंदिर निर्माण और चढ़ावे से जुड़े वित्तीय प्रबंधन को लेकर गंभीर सवाल उठे हैं, जिनका अब तक संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। उन्होंने कहा कि देश जानना चाहता है कि इस पूरे प्रकरण पर प्रधानमंत्री मौन क्यों हैं तथा ट्रस्ट के शीर्ष पदाधिकारियों की जवाबदेही तय क्यों नहीं की जा रही है। कांग्रेस ने मांग की कि पूरे मामले की जांच सर्वोच्च न्यायालय की निगरानी में कराई जाए, कथित रूप से जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की जाए तथा राम मंदिर के लिए प्राप्त चंदे, चढ़ावे, भूमि खरीद और अन्य खर्चों का स्वतंत्र फॉरेंसिक ऑडिट कर उसकी रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए।

## कचरे के ढेर के बीच पढ़ने को विवश 177 छात्र-छात्राएं

**बिजुरी।** बिजुरी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत बेलिया छोट स्थित शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय में अध्ययनरत 177 छात्र-छात्राएं लंबे समय से गंदगी और असुरक्षित वातावरण के बीच शिक्षा ग्रहण करने को मजबूर हैं। विद्यालय परिसर से सटे स्थान पर कचरे का विशाल ढेर जमा होने से न केवल दुर्गंध फैल रही है, बल्कि बरसात के मौसम में सांप, बिच्छू एवं अन्य जहरीले जीवों के निकलने का खतरा भी लगातार बना हुआ है। ऐसे में विद्यार्थियों, शिक्षकों और ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर गंभीर चिंता व्यक्त की जा रही है। कचरों के ढेर के बीच संचालित एकमात्र हैंडपम्प पर निर्भर है, स्कूली बच्चे और ग्रामीण-विद्यालय प्रबंधन के अनुसार स्कूल के पीछे स्थित एकमात्र हैंडपंप ही विद्यालय के सभी विद्यार्थियों के साथ-साथ लगभग 200 की आबादी वाले ग्रामीणों के लिए पेयजल का प्रमुख स्रोत है।

## घुमंतू मवेशियों को गौधामों में किया जाएगा विस्थापित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव की अध्यक्षता में जिला स्तरीय गौधाम समिति की बैठक आयोजित हुई।

बैठक में जिले के नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर, एडीएम सुरेन्द्र वैद्य, अपर कलेक्टर डी.डी. मण्डावी, छत्तीसगढ़ राज्य गौधाम की जिला स्तरीय समिति के अध्यक्ष रेवा यादव, पशुधन विकास विभाग के अधिकारी तथा गौधाम समितियों के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में जिले के गौधामों के प्रभावी संचालन, गोवंश संरक्षण, सड़क सुरक्षा तथा गौधामों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कलेक्टर ने कहा कि गौधामों में पर्याप्त चारा, स्वच्छ पेयजल, पशु शेड, छायादार व्यवस्था, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण और साफ-सफाई सुनिश्चित की जाए। साथ ही अभिलेखों का सुव्यवस्थित संधारण एवं वित्तीय प्रबंधन पूरी पारदर्शिता के साथ किया जाए। बैठक में निर्णय लिया गया कि सड़कों पर विचरण करने वाले घुमंतू पशुओं को चरणबद्ध तरीके से गौधामों में स्थानांतरित किया जाएगा, ताकि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सके।

प्रथम चरण में बैकुंठपुर, सोनहत, चेरवापारा, खोडरी, रनई (नगर पंचायत पटना) और कटगोड़ी के गौधामों में मवेशियों को रखने की व्यवस्था की जाएगी।



## किसानों को खाद प्राप्त करने में परेशानी नहीं हो

**बैकुण्ठपुर।** खरीफ सीजन 2026 में किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग द्वारा जिलेभर में भंडारण एवं वितरण की लगातार निगरानी की जा रही है। 16 जुलाई की स्थिति में जिले में उर्वरकों का वितरण संतोषजनक गति से जारी है तथा किसानों की आवश्यकता को देखते हुए पर्याप्त मात्रा में उर्वरकों का भंडारण भी उपलब्ध है। कलेक्टर श्रीमती यादव स्वयं लगातार सहकारी समिति प्रबंधकों से खाद वितरण की जानकारी प्राप्त कर रही हैं। उन्होंने हाल ही में आयोजित समय-सीमा की बैठक में कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए थे कि पात्र किसानों को खाद प्राप्त करने में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो तथा यदि कहीं कोई समस्या उत्पन्न होती है तो उसका तत्काल निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार खरीफ वर्ष 2026 के लिए जिले में कुल 40,033 मीट्रिक टन उर्वरक वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसके विरुद्ध अब तक 19,574 वितरण किया जा चुका है, जो निर्धारित लक्ष्य का 48.93 प्रतिशत है। जिले में वर्तमान में 8,361 मीट्रिक टन उर्वरक का सुरक्षित भंडार उपलब्ध है।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं सुनील पटेल पिता स्व.जय श्रीराम पटेल लगभग 50 वर्ष जाति कुनबी निवासी ग्राम कैलाशपुर तहसील चलगली जिला बलरामपुर छ.ग. मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का मूल निवासी हूं। मैं शपथ पुर्वक कथन करती हूँ कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण पत्र व अंकसुची में बालन्दराज पटेल पिता सुनील पटेल अंग्रेजी में (Balandraj patel) तथा जन्म तिथि दिनांक 30/07/2012 अंकित है जो सही है तथा आधार कार्ड में मेरे पुत्र का नाम बालंद अंग्रेजी में (Balond) तथा जन्म तिथि 01/01/2012 त्रुटि वश दर्ज हो गया है। जो गलत है। मेरे पुत्र का नाम अंग्रेजी में (Balond) के स्थान पर बालन्दराज पटेल पिता सुनील पटेल अंग्रेजी में (Balandraj Patel) तथा जन्म तिथि 30/07/2012 जन्म प्रमाण पत्र व अंकुसची के अनुसार लिखा व पढा जावे। इस हेतु यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
सुनील पटेल
पिता स्व. जय श्रीराम पटेल
निवासी- ग्राम कैलाशपुर तहसील चलगली जिला बलरामपुर छ.ग.

### न्यायालय तहसीलदार सीतापुर जिला-सरगुजा (छ.ग. )

रा.प्र.क्र./ब-121/2025-26

//ईश्तेहार //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती ममता सिंह पति स्व.दिवाकर सिंह जाति क्षत्रिय निवासी ग्राम-सीतापुर तहसील सीतापर जिला सरगुजा छ.ग. के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक की पुत्री अपर्णा सिंह दिनांक 03/07/1991 को जन्म ग्राम सीतापुर में हुआ है। जन्म-मृत्यु पंजी में नाम दर्ज नहीं करा पाने के कारण जन्म प्रमाण पत्र उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। आवेदक को जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता शिक्षा हेतु पड़ रहा है। जिसके लिए जन्म प्रमाण पत्र बनवाने हेतु आवेदन के साथ अनुपलब्धता प्रमाण पत्र अंकसूची एवं चालान की प्रति प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है। अतः इस संबंध में किसी हितबद्ध पक्षकार को कोई दावा आपत्ति हो तो वह स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 23/07/2026 तक न्यायालयीन समय में पेश कर सकते है। समय सीमा बाद प्राप्त दावा आपत्ति स्वीकार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 09/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन सील मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
सीतापुर

TOP IN SURGUJA
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL
CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
समय :- सुबह 11:00 बजे से
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
DR. SONAL DUBEY

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज

भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
डॉ. दिलीप लालवानी
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
07714024989 | 9329124989

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
DR. ABHISHEK GAWRI
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

डॉ. कल्पना दाश
M.B.B.S, MD., DM (ENDO)
अपोलो डायबिटिक हास्पिटल, रायपुर
मधुमेह (शुगर), ब्लड प्रेशर, थाईराईड, हार्मोन एवं फर्टिलिटी संबंधी जॉच एवं उपचार हेतु।
डॉ. प्रसून सागर
M.B.B.S, MD, DM (Cardiology)
पूर्व कंसल्टेंट इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट, मैक्स हॉस्पिटल, दिल्ली
धड़कन बढ़ना, उत्तेजना, हृदय की व्याकुलताव घुटन हृदय रोग से संबंधित सभी रोगों के लिए
दिनांक - 19 जुलाई 2026, दिन -रविवार
समय - सुबह 10 बजे से 3 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन न.- 7354260555

सरगुजा मार्केट

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 26 जुलाई 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
संपर्क विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

## खबर संक्षेप

### शानू कश्यप बने एमसीबी के भाजपा युवा मोर्चा प्रभारी

**अंबिकापुर।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा प्रदेश महामंत्री व मोर्चा प्रभारी अखिलेश सोनी के सहमति से भाजयुमो छत्तीसगढ़



के प्रदेश अध्यक्ष राहुल टीकरिहा द्वारा संभाग प्रभारी जिला प्रभारियों की घोषणा की गई। इस दौरान शानू कश्यप प्रदेश कार्यसमिति सदस्य को एमसीबी जिले का प्रभारी नियुक्त करते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। शानू कश्यप लम्बे समय से भाजपा युवा मोर्चा के सक्रिय नेता के साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय है। शानू कश्यप को सामाजिक कार्यों के लिए सन-2019-20 में छत्तीसगढ़ के राज्यपाल द्वारा पुरुष्कृत भी किया गया है। शानू पूर्व में भाजयूमो के सरगुजा जिला उपाध्यक्ष, जिला प्रचार प्रसार प्रमुख, नगर कोषाध्यक्ष की ज़िम्मेदारी निभा चुके है।

### ढाई साल पुरानी रील पर पुलिस ने दर्ज किया अपराध

**अंबिकापुर।** मैनपाट में रील बनाने के एक ढाई साल पुराने मामले में सरगुजा पुलिस ने कार्रवाई की है। पुलिस ने खतरनाक तरीके से वाहन चलाने के साथ ही स्टंट बाजी करने के मामले में पुलिस ने प्रकाश साहू के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बता दें कि मैनपाट के कमलेश्वरपुर पुलिस द्वारा शहर के दर्रीपारा निवासी प्रकाश साहू के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। आरोप है कि 10 जुलाई को पुलिस को मुखबिर के जरिए सूचना मिली थी कि मैनपाट में सीजी 04 एच 2405 वाहन खुली जीप में कुछ लोगों द्वारा खतरनाक तरीके से यातायात नियमों का उल्लंघन किया जा रहा है। जीप के चालक प्रकाश साहू द्वारा खतरनाक ढ़ग से वाहन को चलाकर रास्ते में आने जाने वाले राहगीर सहित अन्य वाहन चालकों तथा आमजनता के जीवन सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न करने लगा। इस स्टंट बाजी का वीडियो पुलिस को उपलब्ध कराया गया। ऐसे में इस वीडियो के आधार पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 281,125 व एमवी एक्ट की धारा 184 के तहत अपराध दर्ज किया गया है। हालांकि यह पूरा मामला 2 जनवरी 2024 का बताया जा रहा है जिसमें प्रकाश साहू और उनके साथियों ने मैनपाट में एक रील बनाया था। अब इसी रील को आधार बनाकर पुलिस की ओर से कार्रवाई की गई है।

### 18 माह से आंबा कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं का नियुक्ति अधर में लटका

**लखनपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग कार्यालय के द्वारा 18 माह पूर्व में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिकाओं के 21 पद हेतु नियुक्ति विज्ञापन जारी किया गया था। विकासखंड लखनपुर के विभिन्न ग्राम पंचायत में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का कुल 21 पद हेतु कल 240 लोगों द्वारा फार्म जमा किया गया था। पिछले 18 महीना से विभाग द्वारा नियुक्ति प्रक्रिया प्रारंभ किया गया है लेकिन आज तक नियुक्ति नहीं किया गया जिससे क्षेत्रवासियों में भारी आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिकाओं की नियुक्ति देरी होने से लोग परेशान है। इस नियुक्ति प्रक्रिया में चार समिति सदस्य के रूप में परियोजना अधिकारी,स्वास्थ्य विभाग बीएमओ, खंड शिक्षा अधिकारी एवं जनपद सीईओ द्वारा आवश्यक दस्तावेजों का जांच के बाद पात्र अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र दिया जाता है। लेकिन आज तक नियुक्ति नहीं हो पाया है। बताया जा रहा है कि महिला बाल विकास में पदस्थ लेखापाल एवं अन्य कर्मचारियों द्वारा जांच में कई अभ्यर्थियों का आवश्यक दस्तावेज को काट छांट किया गया है जिसमें ग्राम पंचायत गोरता झावर पारा अभ्यर्थी श्रीमती सोनमती पति स्व. पंचराम द्वारा फार्म जमा किया गया था। इसके बावजूद भी जांच में यह बताया गया है कि आठवीं के अंक सूची के अंक तालिका में खंड शिक्षा अधिकारी द्वारा प्रमाणित हस्ताक्षर नहीं कराया गया है। जबकि अभ्यर्थी द्वारा खंड शिक्षा अधिकारी और प्रधान पाठक द्वारा प्रमाणित हस्ताक्षर कराकर के रिजल्ट जमा किया गया है। इस संबंध में ग्राम पंचायत केवरा के पूर्व सरपंच शैलेंद्र सिंह द्वारा बताया गया कि नियुक्ति प्रक्रिया में भारी अनियमितता किया जा रहा है। आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहायिका की नियुक्ति प्रक्रिया को जानबूझकर लंबा खींचा जा रहा है ताकि अपने चहेते व्यक्तियों का नियुक्ति कराया जा सके। पूर्व सरपंच शैलेंद्र द्वारा इसकी शिकायत कलेक्टर से की गई है ताकि निष्पक्ष जांच कर जल्द से जल्द नियुक्ति आदेश जारी किया जा सके।

### आयुष विभाग द्वारा आयोजित किया गया निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर



**सीतापुर।** गंभीर रोगों से बचाव एवं जनजागरूकता अभियान के तहत संचालक आयुष के आदेशानुसार एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. शशिबाला जायसवाल के निर्देशानुसार बुधवार को साप्ताहिक बाजार में विकास खंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य एवं जनजागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर प्रभारी डॉ एए अंसारी एवं उपस्थित चिकित्सकों द्वारा आयुष विभाग में शासन द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों तथा आयुर्वेद के अनुसार आहार विहार दिनचर्या ऋतुचर्या को अपना कर गंभीर रोगों से बचाव के उपाय बताए गए। इस दौरान शिविर में वात रोग, चर्मरोग, उदर रोग, मधुमेह, स्त्रीरोग, रक्तचाप आदि के 386 रोगी पहुंचे जिनका निःशुल्क उपचार करते हुए उन्हें रोग अनुसार दवा प्रदान की गई। शिविर में डॉ. श्रीमती आशा टोप्पो, डॉ. अमरनाथ ऊंजन, डॉ. मनीषा कंवर, डॉ. संतोष टोप्पो, फार्मासिस्ट राजेंद्र केरकेट्टा, सुनीता एक्का, सेवती भानु सिदार, महिपाल, औषधालय सेवक हरिराम राजेश कुमार, एम पीडब्ल्यू देवेश सिदार ने अपनी सेवाएँ दी।

### किसान महंगा दर पर खरीदने को मजबूर

# दुकानों में धड़ल्ले से बिक्री की जा रही अनाप-शनाप दर पर खाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

खेतों में जहां कुछ किसान धान रोपाई की तैयारी में है जबकि कई किसान धान रोपाई के लिए थरहा लगा रहे है तो वहीं मक्का की फसल अब विकसित होने लगे है। ऐसे में धान व मक्का की पैदावार अच्छी हो इसके लिए फसल में खाद की जरूरत है। इधर दुकान संचालकों द्वारा एकाएक खाद की कीमत बढ़ा देने से किसान परेशान है। शासन के निर्धारित दर से अधिक कीमत पर खाद बिक्री करने की शिकायत किसानों ने प्रशासन से की परंतु किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने से दुकान संचालकों के हौसले बुलंद है।

**खास बात**
- शिकायत के बाद भी नहीं हुई कार्रवाई

लखनपुर क्षेत्र में खरीफ सीजन के दौरान क्षेत्र में खाद, बीज एवं कृषि दवाइयों की बिक्री तेज हो गई है, लेकिन किसानों को महंगे दामों पर सामग्री मिलने और नकली उत्पादों की आशंका से चिंता बढ़ गई है। किसानों का आरोप है कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी कई दुकानों में निर्धारित दरों से अधिक कीमत पर खाद-बीज बेचे जा रहे हैं, जबकि गुणवत्ता की जांच और निगरानी के लिए जिम्मेदार विभागीय अधिकारियों की सक्रियता नजर नहीं आ रही है। किसानों का कहना है कि क्षेत्र में खाद-बीज की कई दुकानें संचालित हो रही हैं, वहीं कुछ स्थानों पर खुले तौर पर भी कृषि सामग्री की बिक्री की जा रही है। इसके बावजूद संबंधित विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण, जांच या छापामार कार्रवाई नहीं किए जाने से दुकान संचालक के हौसले बुलंद है।




खाद-बीज दुकान।

**पड़ रहा अतिरिक्त भार**

किसानों ने बताया कि नगर सहित आसपास गांव में खुले आम खाद की कीमत बढ़ा कर बिक्री की जा रही है। किसानों के अनुसार वे खेती के लिए समिति, बैंक अथवा निजी स्रोतों से ऋण लेकर बीज, खाद और दवाइयां खरीदते हैं। ऐसे में यदि उन्हें निम्न गुणवत्ता या नकली उत्पाद मिल जाएं तो पूरी फसल प्रभावित हो जाती है। फसल उत्पादन घटने से किसानों को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है और ऋण चुकाने में भी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। शासन के निर्धारित दर से ज्यादा कीमत पर खाद बेचने के बावजूद आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं की गई जिससे किसानों को अतिरिक्त भार पड़ रहा है।

किसानों का आरोप है कि पूर्व में भी लखनपुर क्षेत्र में नकली खाद और बीज की बिक्री के मामले सामने आ चुके हैं। बावजूद इसके किसी प्रकार की सख्त कार्रवाई नहीं करना समझ से परे है। शासन की अनदेखी और कृषि विभाग की उदासीनता रवैया के कारण यह गोरखधंधा फल-फूल रहा है जिसका खामियाजा क्षेत्र के किसानों को भुगतना पड़ रहा है।

**जांच व कार्रवाई की मांग**

किसानों का आरोप है कि कुछ दुकानदार निर्धारित मूल्य से अधिक दर पर खाद-बीज बेच रहे हैं। कृषि विभाग द्वारा दुकानों की नियमित जांच, स्टॉक सत्यापन एवं मूल्य सूची का पालन सुनिश्चित कराया जाए ताकि किसानों को उचित दर पर गुणवत्तापूर्ण सामग्री उपलब्ध हो सके। इस वर्ष मौसम की अनिश्चितता पहले से ही किसानों की चिंता बढ़ा रही है। ऐसे में यदि खाद-बीज की गुणवत्ता और कीमतों पर प्रभावी नियंत्रण नहीं किया गया तो किसानों की परेशानियां और बढ़ सकती हैं। किसानों ने प्रशासन एवं कृषि विभाग से क्षेत्र में व्यापक जांच अभियान चलाकर दोषी पाए जाने वाले दुकानदारों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है।

**कराई जाएगी जांच**

क्षेत्र के दुकानों में नकली खाद और महंगे दाम पर खाद बिक्री की जा रही है तो स्टाफ भेज कर जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत नकली खाद व महंगे दाम पर खाद बिक्री करते पाए जाने पर दुकान संचालक के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी। किसान जो भी खाद बीज लेता है तो दुकानदार से रसीद अवश्य ले।

-पीतांबर सिंह दीवान
कृषि विभाग उप संचालक

## शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता सर्वोच्च प्राथमिकता : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर श्रीमती रेना जमील ने जिले में शाला प्रवेशोत्सव, शिक्षा की गुणवत्ता, स्कूलों एवं छात्रावास की व्यवस्था तथा आदिवासी विकास विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को समयबद्ध एवं प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को गुणवत्तापूर्ण, सुरक्षित एवं बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।



बैठक में कलेक्टर ने शिक्षा की गुणवत्ता, शिक्षकों की वीएसके ऐप के माध्यम से ऑनलाइन उपस्थिति तथा विद्यालयों में शिक्षकों की उपलब्धता की समीक्षा की। उन्होंने शिक्षकों की नियमित ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करवाने के निर्देश दिए। साथ ही जिन विद्यालयों में वीएसके ऐप में तकनीकी समस्या आ रही है, वहां पुनः लोकेशन मैपिंग कर समस्या का शीघ्र समाधान करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों एवं प्रोग्रामरों को दिए। कलेक्टर ने विद्यार्थियों को शत-प्रतिशत पाठ्यपुस्तकों का वितरण सुनिश्चित करने, बच्चों की नियमित उपस्थिति बढ़ाने के लिए शिक्षकों द्वारा अभिभावकों की काउंसलिंग करने के निर्देश दिए। उन्होंने ड्रॉपआउट बच्चों की पहचान कर उन्हें पुनः विद्यालय से जोड़ने, बच्चों की बेसिक नॉलेज मजबूत करने तथा नवाचारों के माध्यम से शिक्षा को अधिक प्रभावी बनाने पर जोर दिया। बैठक में विद्यालय भवनों के निर्माण एवं मरम्मत कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने नवीन भवनों का निर्माण शीघ्र पूरा करने तथा मरम्मत योग्य भवनों का प्राथमिकता के आधार पर सुधार कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने विद्यालयों या छात्रावासों में पेयजल, बिजली एवं अन्य मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा करते हुए कहा कि जहां सोलर आधारित बिजली व्यवस्था स्थापित है, वहां किसी भी प्रकार की खराबी आने पर तत्काल सूचना देकर मरम्मत कराई जाए। जिन विद्यालयों में बिजली व्यवस्था उपलब्ध नहीं है या बाधित है, वहां की रिपोर्ट तैयार कर क्रेडा विभाग के समन्वय से आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए। आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने देवगुड़ी निर्माण, छात्रावास में आवश्यक सुविधाओं, आदिवासी विकास प्राधिकरण अंतर्गत स्वीकृत कार्यों की प्रगति तथा छात्रावास की व्यवस्था की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि छात्रावासों में किचन, बेड, दरवाजे, खिड़कियां एवं भवनों की स्थिति बेहतर रखी जाए तथा पानी के रिसाव जैसी समस्याओं का निराकरण किया जाए। वर्षा ऋतु को देखते हुए छात्रावास एवं स्कूलों के भवनों की सुरक्षा सुनिश्चित करने, जर्जर भवनों का उपयोग पूरी तरह बंद रखने तथा बच्चों की सुरक्षा के सभी आवश्यक इंतजाम करने के निर्देश दिए।

## फर्जी केसीसी ऋण प्रकरण एवं समिति प्रबंधक द्वारा आत्महत्या मामले में निष्पक्ष जांच की मांग

**सीतापुर।** किसानों के नाम फर्जी केसीसी ऋण प्रकरण एवं दबाव में आकर समिति प्रबंधक द्वारा की गई आत्महत्या का मामला गरमाने लगा है। इस संबंध में भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल निराला ने एसडीओपी से मुलाकात की और इस मामले की निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। विदित हो कि धान खरीदी वर्ष 2024-25 में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति केरजु में 127 किसानों की आड़ में लगभग एक करोड़ 93 लाख का फर्जी केसीसी ऋण मामला प्रकाश में आया था। उक्त फर्जीवाड़े का खुलासा होने के बाद दबाव एवं मानसिक तनाव में आये समिति प्रबंधक दिनेश गुप्ता ने आत्महत्या कर ली थी। समिति प्रबंधक द्वारा आत्महत्या के बाद फर्जी केसीसी ऋण मामले में प्रभावित किसानों ने हंगामा मचाते हुए कलेक्टर से मिलकर जांच की मांग की थी। कलेक्टर ने टीम गठित कर फर्जी केसीसी ऋण प्रकरण की जांच कराई थी। एक महीने तक चले जांच के बाद जांच कमेटी द्वारा सौंपी गई रिपोर्ट के आधार पर जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पेटला के तत्कालीन शाखा प्रबंधक भूपेंद्र सिंह परिहार समेत आठ लोगो पर थाने में कई धाराओं के तहत अपराध दर्ज कराया गया था। उक्त मामला दर्ज होने के छः महीने बाद मृत समिति प्रबंधक के चचेरे भाई एवं पत्नी ने तत्कालीन शाखा प्रबंधक भूपेंद्र सिंह परिहार के विरुद्ध राशि गबन का एक और मामला दर्ज कराया है। पीड़ित परिवार ने तत्कालीन शाखा प्रबंधक भूपेंद्र सिंह परिहार पर मृत समिति प्रबंधक पर दबाव बनाकर 52 लाख रूपए हेराफेरी कर निकाल ली थी। यह मामला प्रकाश में आने के बाद भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष अनिल निराला एसडीओपी सीतापुर से मिले और निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए उन्हें ज्ञापन सौंपा। इस संबंध में जिलाध्यक्ष अनिल निराला का कहना है कि इस मामले में केवल जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के शाखा प्रबंधक एवं अन्य बैंककर्मी ही नही बड़े अधिकारियों की भी संलिप्तता होगी। क्योकि करोड़ो का ऋण वितरण हुआ और ऋण वितरण के दौरान हुए फर्जीवाड़े की भनक अधिकारियों को न लगी हो ऐसा हो ही नही सकता। जिलाध्यक्ष ने ऋण स्वीकृति से जुड़े समस्त दस्तावेज, ऑडिट रिपोर्ट, डिजिटल अनुमोदन तथा विभागीय पत्राचार की जांच की मांग की है ताकि समिति प्रबंधक के आत्महत्या से जुड़े अन्य अधिकारी कर्मचारियों की भूमिका उजागर हो सके। उन्होंने कहा कि यह मामला केंद्रीय बैंक की शाख, किसानों का भरोसा और उनकी आड़ में किए गए फर्जीवाड़ा एवं सरकारी योजनाओं के राशि का दुरुपयोग का मामला है। ऐसे मामले में अधिकारी कर्मचारीयों के विरुद्ध जांच एवं उनकी संलिप्तता उजागर होने के बाद उनके विरुद्ध कार्यवाही होनी चाहिए ताकि भविष्य में आदिम जाति सेवा सहकारी समिति एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक पर किसानों का भरोसा फिर से कायम हो सके।



- किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष ने एसडीओपी को सौंपा ज्ञापन

इस संबंध में एसडीओपी राजेंद्र मंडावी ने निष्पक्ष जांच की बात कही है।

## युवा आयोग के अध्यक्ष ने किया हर्राटिकरा में पौधरोपण

**अंबिकापुर।** छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर द्वारा ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में पीपल फॉर पीपुल अभियान के तहत सैकड़ो की संख्या में पौधरोपण कर उनके सुरक्षा का संकल्प लिया गया। पौधरोपण के अवसर पर विश्व विजय सिंह तोमर ने कहा की वृक्षारोपण के साथ उसकी रक्षा तथा उचित देखभाल भी जरूरी है क्योंकि सिर्फ वृक्षारोपण करने से कोई पौधा वृक्ष नहीं बनता। उसकी समुचित देखभाल तथा रखरखाव भी उतना ही आवश्यक है। यह कार्यक्रम वन विभाग की भूमि जो ग्राम पंचायत हर्राटिकरा में स्थित खाली पड़े भूमि पर किया गया। उसके आसपास लगातार ग्रामीणों के द्वारा भूमि कब्जा किया जा रहा है। उसकी सुरक्षा के लिए कटीले तार से इसकी घेराबंदी की गई तथा साइड में गड्ढे भी खोदकर मवेशियों से सुरक्षा का प्रबंध किया गया। 6 एकड़ से अधिक की इस भूमि में पीपल, बरगद नीम, आम, आंवला के पौधे लगाए गए तथा इसे पंचवटी के रूप में नामकरण भी किया गया। इस दौरान संतोष दास, पार्षद दीपक यादव, एल्डरमैन शरद सिन्हा, श्रीधर केसरी, भाजयुमो प्रदेश आईटी प्रमुख विकास शुक्ला चंदन, मनीष दुबे, पूर्व पार्षद कृष्ण कुमार शर्मा बल्लू, भाजपा ग्रामीण मंडल अध्यक्ष विवेक सिंह, हर्ष जायसवाल, दिगंबर यादव, राजू सिंह, अभिनंदन सिंह, प्रिंस चौबे, अकील साय मराबी, लव दुबे, मुकेश गिरी, दिलीप कश्यप, सुनील चौधरी, प्रेम दास, बड़हा राम, नितेश शरण सिंह आदि उपस्थित रहे।

- कहा-पंचवटी के रूप में खाली पड़े भूमि को करेंगे विकसित



## शिवनंदनपुर नगर पंचायत में प्रेसीडेंट-इन-काउंसिल का गठन

**बिश्रामपुर।** हाल ही में संपन्न हुए शिवनंदनपुर नगर पंचायत चुनाव के बाद नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश जायसवाल ने प्रेसिडेंट-इन-काउंसिल का गठन कर दिया है। अध्यक्ष ने गत 9 जुलाई को मुख्य नगर पालिका अधिकारी को संबोधित पत्र में पीआईसी सदस्यों की सूची सौंपते हुए विभिन्न समितियों का दायित्व निर्धारित किया।

- अध्यक्ष रितेश जायसवाल ने सौंपी विभागीय जिम्मेदारियां

जारी सूची के अनुसार नगर पंचायत उपाध्यक्ष अंशुल गोयल को पदेन सदस्य के रूप में राजस्व एवं बाजार समिति की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वार्ड क्रमांक 4 की भाजपा पार्षद मंजू गोयल को विधि, सामान्य प्रशासन एवं सामान्य प्रयोजन समिति का सदस्य बनाया गया है। इसी प्रकार वार्ड क्रमांक 12 के भाजपा पार्षद मनी बग्गा को शिक्षा, महिला एवं बाल कल्याण समिति का सदस्य नियुक्त किया गया है। वार्ड क्रमांक 7 की भाजपा पार्षद अंजली राजवाड़े को आवास, पर्यावरण, लोक निर्माण एवं जल कार्य समिति की जिम्मेदारी दी गई है। वहीं वार्ड क्रमांक 5 की कांग्रेस पार्षद विमला सिंह को खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति, स्वास्थ्य एवं अस्पताल समिति का सदस्य बनाया गया है। नगर पंचायत अध्यक्ष रितेश जायसवाल ने पीआईसी गठन की सूचना संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास, अटल नगर (रायपुर) तथा संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, सरगुजा संभाग को भी प्रेषित कर दी है। अध्यक्ष द्वारा घोषित पीआईसी में विपक्ष को भी खासा महत्व दिया गया है।

विपक्ष के दो पार्षदों को पीआईसी में जगह दी गई है। नगर पंचायत में पीआईसी के गठन के साथ ही अब विभिन्न विकास कार्यों, योजनाओं के संचालन और प्रशासनिक निर्णयों में तेजी आने की उम्मीद जताई जा रही है।

## हाई स्कूल सोनतरई में मनाया गया शाला प्रवेश

**उदयपुर।** विकासखंड उदयपुर के शासकीय हाई स्कूल सोनतरई में नवीन शिक्षा सत्र के शुभारंभ पर शाला प्रवेश उत्सव उत्साह पूर्वक आयोजित कर बच्चों को फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दीपक सिंघल एवं विशिष्ट अतिथियों में नवल साय, चंद्रमा सिंह, सुखराम यादव, अशोक बंसल, अमन अग्रवाल रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। विद्यालय में नवप्रवेशी विद्यार्थियों का तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर स्वागत किया गया। विद्यार्थियों को निःशुल्क किताब का वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि दीपक सिंगल ने कहा बच्चों की नियमित उपस्थिति, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, स्वच्छता, अनुशासन तथा शासन की विभिन्न शैक्षणिक योजनाओं की जानकारी दी। विद्यालय परिवार ने शत-प्रतिशत नामांकन एवं नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने का संकल्प लेते हुए सभी से शिक्षा के प्रति जागरूक रहने की बात कही। कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधन समिति के सदस्य, जनप्रतिनिधि, अभिभावक, शिक्षक एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



- नवप्रवेशी विद्यार्थियों का किया गया स्वागत

### प्रवेश उत्सव में अतिथियों ने किया नवप्रवेशी बच्चों का स्वागत

**लखनपुर।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जमगवां में शाला प्रवेश उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं को तिलक लगा व मुंह मीठा करा शाला प्रवेश दिलाया। प्राचार्य रमेश सिंह ने शाला की उपलब्धियों और मांगें अतिथियों के समक्ष रखी। मुख्य अतिथि जिला पंचायत उपाध्यक्ष देवनारायण यादव ने नवप्रवेशी छात्रों को शिक्षा का जीवन में महत्व बताया तथा विद्यालय में अधिकाधिक उपस्थिति की बात कही। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष श्रीमती शशिकला सिंह, उपाध्यक्ष कामेश्वर राजवाड़े, भाजपा उपाध्यक्ष चंद्रिका यादव ने नवप्रवेशी बच्चों का मार्गदर्शन किया। कार्यक्रम के समापन पर अतिथियों के द्वारा शाला-परिसर में पौधारोपण भी किया गया। इस दौरान समस्त शैक्षणिक कर्मचारी उपस्थित थे।



## संस्कार से होता है सुसंस्कृत समाज का निर्माण : चिंतामणि महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ डांड़गांव

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परसा में जिपं सदस्य श्रीमती दिव्या सिंह, डीईओ दिनेश शर्मा के आतिथ्य एवं जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह की अध्यक्षता में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।

- शासकीय हायर सेकेण्डरी स्कूल में मनाया गया प्रवेश उत्सव

समारोह में अतिथियों के स्वागत उपरांत राधिका केसरी ग्रुप, वेदिका केसरी और अंजलि ग्रुप ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। इस दौरान कक्षा नवमी के नवीन प्रवेशित विद्यार्थियों का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और मिठाई खिलाकर पुस्तकें वितरित की गई। कार्यक्रम में 10वीं एवं 12वीं बोर्ड में उत्कृष्ट अंक प्राप्त करने वाले मेघावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। प्राचार्य जनार्दन सिंह ने विद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी। जिला शिक्षा अधिकारी डॉ.दिनेश झा ने विद्यालय के अनुशासन, शैक्षणिक गतिविधियों और अन्य क्रियाकलापों की सराहना की। उन्होंने पालकों से अपने बच्चों को प्रतिदिन विद्यालय भेजने का अह्वान किया। जिपं अध्यक्ष श्रीमती निरूपा सिंह ने विद्यार्थी जीवन में संस्कार और माता-पिता एवं गुरूजनों के सम्मान का महत्व बताया। श्रीमती दिव्या सिंह सिसोदिया ने विद्यालय के अनुशासन और शिक्षकों के समर्पण की प्रशंसा की। सांसद चिंतामणि महाराज ने विद्या अध्ययन के लिए परिश्रम को अनिवार्य बताया तथा कहा कि बच्चों में संस्कार का होना जरूरी है। इससे सुसंस्कृत समाज का निर्माण होता है। अतिथियों ने पुस्तकालय कक्ष क्षितिज ज्ञान केंद्र का उद्घाटन किया। अंत में अतिथियों ने विद्यालय प्रांगण में अशोक के पौधों का रोपण किया। इस दौरान विद्यालय की 54 बालिकाओं को साइकिल वितरित किया गया। कार्यक्रम में श्रीमती अंजू लता दोहरे, पूनम प्रभाकर, मालती, संगीता राजवंशी सहित सभी शिक्षक उपस्थित थे।



### बेलकोटा में मनाया गया संकुल स्तरीय शाला प्रवेश उत्सव

**सीतापुर।** बुधवार को संकुल केंद्र बेलकोटा में संकुल स्तरीय शाला प्रवेश का आयोजन किया गया। शाला प्रवेश उत्सव में संकुल केंद्र बेलकोटा एवं झरगवा के नवप्रवेशी छात्र छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंडल अध्यक्ष बतौली आशीष गुप्ता, विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता देवनाथ पैंकरा, अनिमेष अग्रवाल, विशाल गुप्ता, सरपंच बेलकोटा जयंत मिंज, दियल केरकेट्टा, सेवानिवृत्त शिक्षक चंद्रभान गुप्ता ने मां सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। स्वागत संबोधन में प्रचार्य महेश सोनी ने विद्यालय की गतिविधियों के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके साथ ही शासन स्तर से स्कूली बच्चों मिलने वाली निःशुल्क पाठ्यपुस्तक, गणवेश, सरस्वती साइकिल योजना के तहत निःशुल्क साइकिल,छात्रवृत्ति एवं मध्यान्ह भोजन के संबंध में जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूली बच्चों ने कार्यक्रम के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया। शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम के दौरान अतिथियों ने नवप्रवेशी छात्र-छात्राओं का तिलक लगाकर मुंह मीठा कराते हुए शाला प्रवेश कराया। शाला प्रवेश के बाद स्कूली छात्रों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि विद्यालय शिक्षा का मंदिर है। यहां आकर बच्चे अपना वर्तमान और भविष्य गढ़ते है और आगे जाकर अपनी मंजिल तय करते है। उन्होंने कहा कि सरकार बच्चों के पढ़ाई लिखाई पर विशेष ध्यान दे रही है और कई योजनाओं का संचालन कर रही है। इस दौरान सभी नवप्रवेशी छात्र -छात्राओं को निःशुल्क पुस्तक कॉपी एवं गणवेश प्रदान किया गया। कार्यक्रम में दसवीं बोर्ड परीक्षा में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाने वाले हाईस्कूल बेलकोटा को अतिथियों द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद प्राचार्य महेश सोनी द्वारा निर्धारित वृक्षारोपण कार्यक्रम के तहत अतिथियों ने शाला प्रांगण में विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाये। कार्यक्रम का संचालन संकुल समन्वयक परविंद कुमार गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन संकुल समन्वयक बेलकोटा द्वारा किया गया। इस अवसर पर एबीईओ इंदु तिर्की, संकुल समन्वयक लव कुमार गुप्ता, गोपाल प्रसाद गुप्ता, प्रशांत गुप्ता समेत शिक्षक शिक्षिकाएं छात्र छात्राएं एवं अभिभावक मौजूद थे।



## खबर संक्षेप

### नवपदस्थ जिपं सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने संभाला कार्यभार



**बलरामपुर।** जिले के जन पदस्थ जिपं सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने गुरुवार को जिला पंचायत कार्यालय पहुंचकर विधिवत अपना कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार ग्रहण करने के पश्चात उन्होंने जिला पंचायत कार्यालय का भ्रमण कर विभिन्न शाखाओं का निरीक्षण किया तथा अधिकारियों एवं कर्मचारियों से परिचय प्राप्त किया। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रत्येक पात्र हितग्राही तक समय-सीमा एवं पारदर्शी ढंग से पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से टीम भावना के साथ अपने दायित्वों का शत-प्रतिशत निर्वहन करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का आह्वान किया। भ्रमण के दौरान डॉ. चतुर्वेदी ने जिला पंचायत कार्यालय के प्रत्येक कक्ष का निरीक्षण कर कार्यालयीन व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने विभिन्न शाखाओं में पहुंचकर विभागीय योजनाओं की अद्यतन प्रगति की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए। उल्लेखनीय है कि जिपं सीईओ डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी पदस्थापना से पूर्व कोरिया जिले में जिपं सीईओ के रूप में सेवाएं दे रहे थे। सीईओ डॉ. चतुर्वेदी राज्य प्रशासनिक सेवा वर्ष 2014 बैच के अधिकारी हैं तथा डिप्टी कलेक्टर सहित विभिन्न महत्वपूर्ण प्रशासनिक दायित्वों का सफलतापूर्वक निर्वहन कर चुके हैं।

### जहरीले कीड़ा के काटने से गंभीर युवक की गई जान

**अम्बिकापुर।** सनावल थाना अंतर्गत ग्राम सलवाही कुर्ल्डीह निवासी अजय कुमार आ. स्व. रामविचार (36 वर्ष) 14 जुलाई की रात पत्नी व बच्चे के साथ सो रहा था। रात लगभग 12 बजे अचानक बिस्तर में छटपटाने लगा और पैर पटकने लगा। पति को छटपटाते देख पत्नी रजमतिया ने पूछा तो पति ने बताया कि उसे कुछ काट लिया है और बेहोश हो गया। परिजन सांप या कोई जहरीले कीड़ा के काटने की आशंका पर शहर के मिशन अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## पेज 1 के शेष...

### शहर में धूमधाम से निकली ...

शहर के श्रद्धालु शामिल हुए। श्रद्धालुओं ने भगवान जगन्नाथ के दर्शन किए और मंगलमय जीवन की कामना की। दोपहर में पारंपरिक पूजा के साथ महाप्रभु जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा माता की प्रतिमा को फूलों से सजे रथ पर वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच स्थापित कर रथयात्रा निकाली गई। रथयात्रा जोड़ा पीपल होते हुए चोपड़ापारा स्थित जगन्नाथ मंदिर पहुंची पूजा-अर्चना के बाद रथयात्रा आकाशवाणी चौक, गांधी चौक, संगम चौक, ब्रह्मरोड, सदर रोड, महामाया चौक होते हुए देर शाम को देवीगंज रोड स्थित दुर्गा बाड़ी पहुंची। दुर्गा बाड़ी को भगवान जगन्नाथ की मौसी का घर माना जाता है। दुर्गा बाड़ी में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व सुभद्रा की प्रतिमा स्थापित की गई।

### बारिश के बीच जय जगन्नाथ के...

पवन अग्रवाल, गीतापुरी, रश्मि शर्मा, बीना शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे। आयोजन को सफल बनाने में उत्कल समाज के अध्यक्ष सेनापति प्रधान, संजय पंडा, ऋनाथ देहुरी, सूरज कुमार सेठी, विद्याधर साहू, एसके स्वाई, फुल्ल नायक, अलंकार नायक, लक्ष्मी त्रिपाठी, संतोष सेठी, राजेंद्र प्रधान, अशोक स्वाई, गोविंद स्वाई, शितिकांत स्वाई, सुरेशन स्वाई, सुदर्शन सेठी, प्रभाकर स्वाई, विशाल स्वाई, प्रदीप त्रिपाठी, अखेय साहू, संतोष विश्वाल, निराकार नायक, पुरोहित सुशांत मिश्रा, सुभाष नायक, गीतांजलि स्वाई, ममता सेठी, दीप्ति स्वाई, सस्मिता साहू, अनुराधा प्रधान, अमूल्या नाहक, संगीता पांडा, छंदाश्री, मंजू स्वाई सहित अनेक स्वयंसेवकों ने व्यवस्थाएं संभालीं। उल्लेखनीय है कि कोयलांचल बिश्रामपुर में भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा का आयोजन पिछले दस वर्षों से लगातार किया जा रहा है। हर वर्ष इसकी भव्यता और श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो रही है। पूरे नगर में दिनभर भक्तिभाव का वातावरण बना रहा।

### उड़ीसा से पकडे गए देशभर में...

कबूल कर लिया। आरोपियों द्वारा ही दो वाहनों में 3139.570 किलोग्राम लगभग 16 करोड़ का गांजा सप्लाई किया था। पुलिस ने आरोपियों का न्यायालय रामानुजगंज से प्रोडक्शन वारण्ट जारी कराकर न्यालय की अनुमति से पूर्व में गिरफ्तार किए गए आरोपी लोकेश शर्मा एवं आमीश के से पहचान कराई गई जिसमें उन्होंने भी गांजा लोड कराने की बात स्वीकार की।

## अन्य पर्यटन स्थलों में भी बढ़ेगी सुविधाएं

# पर्यटकों को आकर्षित करने खनिज न्यास की राशि से संजय वन वाटिका में बनेगा तितली पार्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

संजय वन वाटिका में रह रहे वन्य जीवों को प्राकृतिक रहवास क्षेत्र में छोड़ने के बाद वाटिका का आकर्षण खत्म हो गया है। वाटिका में मनोरंजन के नाम पर बच्चों के झूले, फूल पौधे एवं वन्य जीवों के सूने बाड़े बचे है। विभाग संजय वन वाटिका को दोबारा स्थापित करने के साथ ही पर्यटकों को आकर्षित करने के उद्देश्य से कई योजनाओं पर काम कर रहा है। हाल ही में विभाग ने वन वाटिका में तितली पार्क विकसित करने की योजना बनाई है।

**खास बात**
- विभाग ने अनुशंसा के लिए भेजा प्रस्ताव

संजय वन वाटिका शहरवासियों के साथ ही पूरे सरगुजा संभाग के लोगों के मनोरंजन का मुख्य केंद्र था। विभाग द्वारा वन वाटिका में नीलगाय, विभिन्न प्रजाति के हिरणों, बंदर, खरगोश, मोर सहित विभिन्न प्रजाति के पशु-पक्षियों को रखा गया था। विभाग द्वारा बच्चों के मनोरंजन के लिए अलग-अलग झूले लगाने के साथ ही पूर्व में ट्वाय ट्रेन भी संचालित की जा रही थी। विभाग द्वारा लंबे समय से ट्वाय ट्रेन का संचालन बंद कर दिया गया है तथा अन्य सुविधाएं विकसित की गई है। 27 फरवरी की रात हिरणों के बाड़े में आवारा कुत्तों के घुसने एवं हमला कर 15 हिरणों को मौत के घाट उतारने के बाद विभाग ने सभी पशु-पक्षियों को उनके प्राकृतिक रहवास क्षेत्र में छोड़ दिया है। विभाग द्वारा बुधवार को वाटिका के 16 हिरणों को गुरूघासी दास टाइगर रिजर्व भेजा गया। वन्य जीवों के हटने के बाद वाटिका सूनी हो गई है। हालांकि वन्य जीवों को प्राकृतिक रहवास क्षेत्र में छोड़ने के निर्णय के बाद से ही विभाग वाटिका को पुर्नस्थापित करने एवं नई पहचान दिलाने के उद्देश्य से कई योजनाओं पर काम कर रहा है। विभाग ने पूर्व में संजय वन वाटिका में चिड़ियाघर विकसित करने एवं बांस बाड़ी में बच्चों एवं बुजुर्गों के मनोरंजन के साधन विकसित करने की योजना बनाई थी तथा शासन को प्रस्ताव भेजा था। शासन द्वारा वन वाटिका में चिड़ियाघर विकसित करने एवं बांस बाड़ी में मनोरंजन के साधन विकसित करने के प्रस्ताव को स्वीकृति नहीं मिली है। इधर खनिज न्यास निधि की राशि मिलने की उम्मीद में विभाग ने संजय वन वाटिका में तितली पार्क विकसित करने की योजना बनाई है। वन अधिकारियों के अनुसार पार्क में विभिन्न प्रजाति की तितलियों को रखा जाएगा साथ ही उनके अनुकूल बाग को भी विकसित किया जाएगा। तितली पार्क के लिए अधिक जमीन की भी जरूरत नहीं पड़ेगी।



संजय वन वाटिका।

### दूसरे पर्यटन केंद्रों में बढ़ेंगी सुविधाएं

वन विभाग ने मैनपाट स्थित चर्चित पर्यटन स्थल दलदली में भी पर्यटन सुविधाएं विकसित करने की योजना बनाई है। वन अधिकारियों के अनुसार पर्यटकों की सुविधा के लिए दलदली में साहसिक खेलों की सुविधा प्रारंभ की जाएगी। विशेष अवसरों पर निजी क्षेत्र की एजेंसियां एडवेंचर स्पोर्ट्स का आयोजन करती थी। अब विभाग वन प्रबंधन समितियों के माध्यम से साहसिक खेलों का संचालन करेगा। विभाग द्वारा पर्यटकों की सुविधा के लिए दलदली में पगोड़ा का भी निर्माण किया जाएगा। विभाग द्वारा शौचालय का निर्माण कराने के साथ ही नियमित साफ-सफाई की भी व्यवस्था की जाएगी।

### होगा खैरबार तालाब का सौंदर्यीकरण

वन अधिकारियों ने अवैध अतिक्रमण से रोकथाम के लिए खैरबार स्थित तालाब का सौंदर्यीकरण करने एवं लोगों को प्रकृति से जोड़ने के लिए वाकिंग ट्रेक विकसित करने की योजना बनाई है। वन अधिकारियों का मानना है कि प्राकृतिक वातावरण में टहलने की सुविधा विकसित होने से लोगों का प्रकृति के प्रति लगाव बढ़ेगा वहीं जागरूक लोगों की आवाजाही बढ़ने पर अवैध अतिक्रमण पर रोक लगेगी।

### भेजा गया है प्रस्ताव

खनिज न्यास की राशि से संजय वन वाटिका में तितली पार्क निर्माण करने के साथ ही पर्यटन स्थल दलदली में पर्यटन सुविधाएं विकसित करने का प्रस्ताव बनाया गया है। प्रस्ताव मुख्य वन संरक्षक के पास अनुशंसा के लिए भेजा गया है। अनुशंसा मिलने के बाद प्रस्ताव जिला प्रशासन को भेजा जाएगा।

-अभिषेक जोगावत
डीएफओ, सरगुजा



# छात्रावासों की व्यवस्था अभी भी प्रभारी शिक्षकों के भरोसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर

शासन के स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 23 जून को आयोजित समीक्षा बैठक में दिए गए निर्देशों के बाद विभिन्न विभागों में संलग्न शिक्षकों और कर्मचारियों को उनकी मूल पदस्थापना पर वापस भेजने की प्रक्रिया शुरू हो गई है। हालांकि बलरामपुर जिले के राजपुर विकासखंड में आदिवासी विकास विभाग के छात्रावासों में अब भी वर्षों पुरानी व्यवस्था जारी रहने से शासन के निर्देशों के समान रूप से पालन पर सवाल उठने लगे हैं।

- शासन के निर्देशों के पालन पर उठे सवाल

जानकारी के अनुसार राजपुर विकासखंड के लगभग 19 छात्रावासों में से 10 छात्रावास वर्तमान में प्रभारी शिक्षकों एवं शिक्षिकाओं के भरोसे संचालित हो रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि लंबे समय से कई शिक्षक-शिक्षिकाएं अपने मूल विद्यालयों के बजाय छात्रावासों में प्रभारी अधीक्षक एवं अधीक्षिका के रूप में कार्यरत हैं। शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद इन्हें अब तक मूल पदस्थापना पर नहीं भेजा गया है। बताया जाता है कि विकासखंड के कई छात्रावासों में अधीक्षक एवं अधीक्षिकाएं 10 से 25 वर्षों से एक ही स्थान पर पदस्थ हैं। समय-समय पर उनके तबादले भी हुए, लेकिन प्रभावशाली पहुंच के कारण वे दोबारा उसी स्थान पर पदस्थ हो गईं। ऐसे में शासन के ताजा निर्देशों के बाद भी उनके विरुद्ध कोई कार्रवाई नहीं होने से लोगों के बीच चर्चा तेज हो गई है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अन्य विभागों में संलग्न कर्मचारियों को तत्काल उनके मूल विभागों में भेजा जा रहा है, जबकि छात्रावासों में वर्षों से पदस्थ प्रभारी शिक्षकों पर अब तक कोई प्रभावी कदम नहीं उठाया गया है। उनका मानना है कि शासन के आदेशों का पालन सभी विभागों में समान रूप से होना चाहिए, ताकि शिक्षा व्यवस्था भी प्रभावित न हो और छात्रावासों का संचालन नियमित व्यवस्था के तहत हो सके।

इस संबंध में सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग बलरामपुर समीक्षा जायसवाल ने बताया कि लोक शिक्षा संचालनालय (डीपीआई) से उन प्रभारी अधीक्षकों की जानकारी मांगी गई है जो मूल रूप से स्कूल शिक्षा विभाग के कर्मचारी हैं और वर्तमान में आदिवासी विकास विभाग में कार्यरत हैं। उन्होंने कहा कि शासन स्तर से आवश्यक दिशा-निर्देश प्राप्त होते ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही बताया कि विधानसभा सत्र के बाद इस प्रक्रिया को जल्द पूरा करने की तैयारी की जा रही है।

# सहायक संचालक महिला के गले से चेन लूटकर भागे बाइकर्स

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के बीच कोतवाली थाना क्षेत्र में चैन स्नेचिंग की घटना सामने आई है। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बाहर सहायक संचालक पूनम तिवारी के गले से बाइकर्स बदमाश सोने का चैन लूटकर फरार हो गए। इस चैन की कीमत चार लाख रूपए आंकी जा रही है। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। फिलहाल पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

- डीईओ ऑफिस के समीप हुई चेन स्नेचिंग की घटना

बताया जा रहा है कि श्रीमती पूनम तिवारी जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में सहायक संचालक के पद पर पदस्थ है। पूनम तिवारी दोपहर में लंच के लिए घर गई थीं। दोपहर करीब 2:45 से 3 बजे के बीच वे स्कूटी से वापस जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय पहुंचीं। स्कूटी खड़ी करने के बाद जैसे ही वे पैदल कार्यालय की ओर बढ़ीं इसी समय बाइक सवार दो युवक उनके पास पहुंचे। बदमाशों ने बाइक की रफ्तार धीमी की और पूनम तिवारी के गले से सोने की चैन झपट ली। घटना इतनी तेजी से हुई कि वे कुछ समझ पातीं, उससे पहले ही दोनों आरोपी गुरुनानक चौक की ओर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कोतवाली थाना और सीएसपी कार्यालय के ठीक सामने स्थित है। ऐसे में थाने के सामने हुई चैन स्नैचिंग से पुलिस महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस ने कार्यालय और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की। फुटेज में हेलमेट पहने बाइक सवार चैन छीनकर भागते नजर आए। साइबर सेल की मदद से शहर के अन्य कैमरों की भी जांच की गई, जिसमें कुछ जगहों पर नकाबपोश युवकों की तस्वीरें मिली हैं। पुलिस उनकी पहचान करने में जुटी है। इधर पूनम तिवारी के पति और शिक्षक मनोज तिवारी ने बताया कि सोने की चैन का बिल पुलिस को सौंप दिया गया है और शिकायत दर्ज करा दी गई है। चैन करीब 3 तोले की थी, जिसकी वर्तमान कीमत लगभग 4 लाख रुपए है।

# सुब्रतो मुखर्जी कप अंडर-17 बालिका फुटबॉल स्पर्धा में जिले की बेटियों का शानदार प्रदर्शन

**सूरजपुर।** कलेक्टर श्रीमती रेना जमील के मार्गदर्शन में सुब्रतो मुखर्जी कप अंडर-17 वर्ष बालिका शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में जिले की बेटियों ने खेल के मैदान पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जिले का मान बढ़ाया है। फुटबॉल प्रतियोगिता के अंडर-17 बालिका वर्ग में सूरजपुर की टीम ने दोहरे पदक अपने नाम कर नाम रोशन किया। फुटबॉल टूर्नामेंट में कड़े मुकाबले के बीच सूरजपुर की बालिकाओं ने संभाग स्तर पर अद्वितीय प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। संभाग स्तर पर मिली इस शानदार जीत के पश्चात टीम का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ, जहां बालिकाओं ने अपने विजयी अभियान को आगे बढ़ाया। राज्य स्तर पर आयोजित कड़ी स्पर्धाओं में भी सूरजपुर की बालिकाओं का शानदार प्रदर्शन जारी रहा। फाइनल के रोमांचक मुकाबले में टीम ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता का गौरव प्राप्त किया और सम्मानजनक रजत पदक अपने नाम किया। इस उपलब्धि पर जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती लता बैक, सहायक जिला क्रीड़ा अधिकारी शरदेन्दु कुमार शुक्ल, विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रेमनगर प्रताप सिंह पैकरा, कोच रावेन्द्र वर्मा एवं टीम मैनेजर विमल डुंगडुंग ने बालिकाओं को उनके समर्पण, परिश्रम एवं अनुशासन की सराहना की।



# मंदिर प्रबंधन की समिति से तत्काल हटाए जाएं आरएसएस के लोग, सुको ले स्वतः संज्ञान : टीएस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

प्रदेश के पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने कहा है कि राम मंदिर से करोड़ो रूपए के चन्दा की चोरी देश की आस्थावान जनता की भावनाओं के साथ सीधे तौर पर खिलवाड़ है। राम मंदिर के साथ ही प्रमुख मंदिरों के प्रबंधन की समिति में आरएसएस के लोगों को बैठा दिया गया जिन्हें तत्काल हटाया जाए। राम मंदिर न्यास का गठन सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बाद किया गया था। इस लिए हमारी मांग है कि अब सुप्रीम कोर्ट इस मामले में स्वतः संज्ञान ले और कोर्ट के सिटिंग जज के माध्यम से इस मामले की जांच कराई जाए।

- पूर्व डिप्टी सीएम ने कहा- सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग जज से कराई जाए जांच

श्री सिंहदेव गुरुवार को जिला कांग्रेस कार्यालय में पत्रकार वार्ता को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने कहा कि तीन चार दशक पहले जब भाजपा की संसद में सिर्फ दो सीटें थी तो एक राजनैतिक मुहिम चलाई गई, राम जी के नाम पर शुरू हुई मुहिम में अंततः बाबरी विध्वंश हुआ। सुप्रीम कोर्ट का फैसला आया और अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण का निर्णय होने के बाद भूमि का चिन्हांकन किया गया। अन्य पक्ष को मस्जिद बनाने की बात निर्णय में थी। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने स्वतंत्र प्रबंधन के गठन का निर्देश दिया था जिससे मंदिर निर्माण एवं अन्य प्रबंधन किए जाने थे। उन्होंने कहा कि जिन संत पुजारियों ने इसके रामलला के मूर्ति, राम मंदिर एवं धार्मिक स्थलों की देख रेख की उनको केंद्र सरकार ने कोई जवाबदेही नहीं दी।प्रबंधन में आरएसएस से जुड़े लोगों को जोड़ा गया। सिंहदेव ने कहा कि आरएसएस कोई संस्था या संगठन नहीं है, यह व्यक्तियों का समूह है, जो देश के जवाबदेह संस्थाओं से छूट लेकर काम कर रहा है। पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि मंदिर निर्माण के लिए देशभर से चंदा एकत्र किया गया। इसमें आरएसएस के लोग जुड़े थे। भाजपा और आरएसएस के लोगों से सवाल पूछे गए कि कितना चंदा आया तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। राममंदिर का परिसर बढ़ाने एवं बाबरी मंदिर के स्थल के लिए जमीन खरीदी में करोड़ों का घोटाला किए जाने का खुलासा सांसद संजय सिंह ने वर्ष 2021 में किया तो इसे राजनैतिक बता दिया गया। इस दौरान कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक, ननि नेता प्रतिपक्ष शफी अहमद, द्वितेन्द्र मिश्रा, हेमंत सिन्हा, दुर्गेश गुप्ता, मो. इस्लाम, सीमा सहित अन्य मौजूद थे।



### आरएसएस का कब्जा हटाएं

सिंहदेव ने कहा कि देश के सबसे बड़े धार्मिक महत्व के स्थलों में राममंदिर शामिल है। राममंदिर सहित प्रमुख मंदिरों की प्रबंधन समितियों में आरएसएस का कब्जा है और शतप्रतिशत इससे जुड़े लोग जुड़े हुए है। धर्म की देखरेख के लिए जो सनातनी व्यवस्था हमारे देश में है उसको छोड़कर संगठन को जोड़ा गया। ये संगठन खुलेआम राजनीति में भाग लेता है। मेरा मानना है कि प्रबंधन समितियों में ऐसे किसी व्यक्ति को नहीं होना चाहिए जो राजनैतिक संगठन से जुड़ा हो।

### राम के नाम पर जमा चंदे में लूट की गई

पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने कहा कि राम मंदिर में भूमि का टुकड़ा 2 करोड़ में खरीदा गया और चंद घंटों में उसी दिन राम मंदिर न्यास 18.5 करोड़ में उसी भूमि को ले लेती है। एक और मामला सामने आया कि 1.73 करोड़ की भूमि को तथा कथित राम जी के प्रति समपर्ण आस्था रखने वाले लोगों ने 29.68 करोड़ में खरीदी। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के चंदे पर लूट की गई और जवाब दिया गया कि जमीन के भाव तेजी से बढ़ रहे है इसलिए ज्यादा रुपए में खरीदी गई। ये उपयोग हुआ आस्था के नाम पर दी गई राशि का। श्रद्धालुओं के योगदान और राशि के बारे में जानकारी देने पर राजनीति घोषित हो जाती है जबकि खुले आम व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने का काम न्यास के पदाधिकारियों ने किया उसमें ना कोई जांच हुई और ना ही एफआईआर हुई। जबकि इस न्यास में यूपी के चिन्हांकित और चुनिंदा अधिकारी सदस्य है।

### आस्था की उड़ाई धज्जियां

पूर्व डिप्टी सीएम श्री सिंहदेव ने आरोप लगाया कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा में मंच पर 5 लोग थे। इनमें पीएम मोदी, यूपी के सीएम योगी, आरएसएस के मोहन भागवत, चंपत राय व न्याय के एक अन्य सदस्य जिन्होंने अब इस्तीफा दिया है। जब देश के शंकराचार्यों ने कहा कि राम मंदिर का गुबद तैयार नहीं हुआ है, अभी प्राण प्रतिष्ठा नहीं हो सकती तो चुनावी लाभ के लिए 112 करोड़ खर्च कर मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कराई गई। उन्होंने कहा कि राम मंदिर में लोगों के द्वारा दिए गए चंदे की चोरी कर लोगों की आस्था की धज्जियां उड़ाई गईं। इसपर एक शब्द गृहमंत्री या प्रधानमंत्री ने नहीं कहा। 40 दिनों में 70 बार हेराफेरी की गई। लाखों रुपये की चोरी का खुलासा हुआ। प्रबंधन समिति से जुड़े चंपत राय व अन्य पदाधिकारियों ने जवाबदेही स्वीकार कर इस्तीफा दिया, लेकिन उनके खिलाफ एफआईआर तक नहीं हुई।




# स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान में सरगुजा के 3 शिक्षक सम्मानित

**डांड़गांव।** राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा आयोजित स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह बुधवार को विमतारा, मधु पिल्ले चौक, शांति नगर, रायपुर में संपन्न हुआ। समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से चयनित 250 उत्कृष्ट शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान, नवाचार, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं राष्ट्र निर्माण में उत्कृष्ट भूमिका के लिए राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से अलंकृत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधान संपादक हरिभूमि समूह के डॉ. हिमांशु द्विवेदी ने कहा कि भारत का स्वर्णिम इतिहास इस बात का साक्षी है कि हमारे यहां गुरु का स्थान सर्वोच्च रहा है। प्राचीन काल में राजा भी अपने गुरुओं के सम्मान के लिए हर प्रकार का त्याग करने को तत्पर रहते थे, क्योंकि शिक्षक ही राष्ट्र के भविष्य का निर्माण करता है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि आज समय के साथ परिस्थितियां बदली हैं और कई स्थानों पर शिक्षकों की भूमिका को केवल एक कर्मचारी तक सीमित करने का प्रयास दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि समाज को इस विषय पर गंभीर आत्ममंथन करना होगा कि जो शिक्षक आने वाली पीढ़ियों का निर्माण करता है, उसे उसके कार्य के अनुरूप सम्मान और प्रतिष्ठा मिले। कार्यक्रम के दौरान सरगुजा जिला के शिक्षकों को सम्मान स्वरूप प्रमाण पत्र और मेडल प्राप्त हुआ जिसमे विपिन बिहारी गहवई व्याख्याता हाई स्कूल फुलचुही को समाज में नई दिशा प्रदान करने, डॉ सुनील कुमार यादव शिक्षक मा शाला पेंडरखी और श्रीमती परमेश्वरी कंवर व्याख्याता हाई स्कूल जजगा को शिक्षा के नवाचार करने पर सम्मानित किया गया।



### शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान हेतु जिले के 5 शिक्षक हुए सम्मानित

**सूरजपुर।** राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित शैक्षिक एवं सामाजिक संस्था राष्ट्रीय शिक्षा अंजोर भारत द्वारा आयोजित स्व. हरिवंश मिश्र राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान समारोह रायपुर के विमतारा में संपन्न हुआ। इस गौरवशाली राष्ट्रीय समारोह में सूरजपुर जिले के 5 शिक्षकों को शिक्षा के क्षेत्र में उनके अद्वितीय एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान से विभूषित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि हरिभूमि' समाचार पत्र के प्रधान संपादक डॉ. हिमांशु द्विवेदी कार्यक्रम के अध्यक्ष संजय अग्रवाल तथा डॉ. पूर्णानंद मिश्रा,विशिष्ट अतिथि डॉ. चित्तरंजन कर, प्रज्ञा सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में देश भर से चयनित उत्कृष्ट शिक्षकों को स्मृति चिह्न, शॉल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। जिले के शिक्षक अमर नाथ चौबे, महेश पैकरा, डॉ. गायत्री मिश्रा, इंदुमती सोनवानी, कृष्णा धुर्व को सम्मानित किया गया। आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि इस वर्ष राष्ट्रीय शिक्षक सम्मान हेतु संपूर्ण भारतवर्ष से लगभग 700 से अधिक ऑनलाइन एवं ऑफलाइन आवेदन प्राप्त हुए थे। प्राप्त प्रविष्टियों की सूक्ष्म जांच और मूल्यांकन के पश्चात राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त प्रतिष्ठित शिक्षकों एवं शिक्षाविदों के उच्चस्तरीय केंद्रीय चयन पैनल द्वारा अंतिम रूप से देश भर के केवल 200 उत्कृष्ट शिक्षकों का चयन इस सम्मान हेतु किया गया।



